# PRATISTHA I.A.S. ACADEMY

‘जहाँ सेलैक्शन एक ज़िद है’ ✍डी० आर ‘सर’ (REG.)

MOB. NO.: 9457357311

Kumar Plaza IInd Floor, Ramghat Road, Aligarh-202001-(U.P.) www.pratisthaiasacademy.com


**Time: 1 Hour**

## Practice set-1st

**Sub: Polity**

**For**

**IAS/PCS**

Name………………………………………….

Date…………………… Contact……………………..

**Note → All Question are compulsory**

1. भारत के संविधान के अधीन निम्न में से कौन–सा/से मूल अधिकार नहीं है/हैं ?
   (a) शिक्षा के पाने का अधिकार
   (b) काम पाने का अधिकार
   (c) संगम बनाने का अधिकार
   (d) कोई वृत्ति करने का अधिकार

2. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में क्या अन्तर्विष्ट है ?
   (a) जनजातीय श्रेत्रो के प्रशासन के बारे में उपबन्ध
   (b) संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची
   (c) मान्यता प्राप्त भाषाओं की सूची
   (d) दल परिवर्तन के आधार पर विधान–मण्डलों के सदस्यों की निरर्हता के बारे में उपबन्ध

3. निम्नलिखित में से कौन–सा एक मूल कर्तव्य नहीं हैं ?
   (a) भारत के संविधान का पालन करना तथा राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का पालन करना।
   (b) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखना।
   (c) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करना।
   (d) अनिवार्य सैन्य सेवा प्रदान करना।

4. भारत की संसद के दोनो सदनों की संयुक्त बैठकें किसलिए आयोजित की जाती है ?
   (a) भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिए
   (b) भारत के उप– राष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिए
   (c) संविधान संशोधन विधेयक को अंगीकार करने के लिए
   (d) उस विधेयक पर विचार करने तथा उसे पारित करने के लिए जिस पर दोंनो सदनों में मतभेद हो

5. भारत का राष्ट्रपति आपातकाल की उद्घोषणा
   (a) प्रधानमंत्री की सलाह पर कर सकता है
   (b) मंत्रिपरिषद् की सलाह पर कर सकता है
   (c) अपने विवेक पर कर सकता है
   (d) तब कर सकता है, जब ऐसी उद्घोषणा करने के लिए संघ के मंत्रिमण्डल का निर्णय उसे लिखित रूप में संसूचित किया गया हो

6. भारत के संविधान के अनुच्छेद–21 के अधीन यथाप्रत्याभूत प्राण और दैहिक स्वतन्त्रता के मूल अधिकार के लिए निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही है ?
   (a) यह अधिकार नागरिकों एंव अन्यदेशियों को भी उपलब्ध है।
   (b) इसमें स्वेच्छाचारी कार्यपालिका एंव विधायी कार्यवाई से संरक्षण का समावेश है।
   (c) इसमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार सम्मिलित है
   (d) इसे विधि द्वारा स्थापित प्रकिया के अनुसार छीना जा सकता है

7. निम्नलिखित में से कौन–सा एक संघीय प्रणाली का अभिलक्षण नहीं है ?
   (a) इसमें सरकार के दो सुस्पष्ट स्तर होते हैं
   (b) सरकार के प्रत्येक स्तर की जिम्मेदारियाँ और शक्तियाँ एक लिखित संविधान में सुस्पष्टता निर्धारित होती हैं
   (c) सरकार की विधायी और कार्यपालिका शाखाओं के बीच शक्तियों का कोई पृथक्करण नहीं होता
   (d) सवोच्च न्यायालय को इन उपबन्धों के निर्वचन और विवाद के मामलों में माध्यस्थम् की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

8. भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को धर्म की स्वतन्त्रता का मूल अधिकार प्रतिभूत करता है। इस अधिकार के बारें में निम्नलिखित में से कौन–सा नहीं है ?
   (a) यह अन्तः करण की स्वतन्त्रता और किसी भी धर्म के मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतन्त्रता देता है
   (b) यह धार्मिक और पूर्त प्रयोजनों के लिए संस्थानों की स्थापना और पोषण की स्वतन्त्रता देता है
   (c) यह अधिकार लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य के अधीन है
   (d) राज्य कोई भी ऐसा कानून नहीं बना सकता जों नागरिकों के इस अधिकार का निराकरण करे

9. अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियाँ (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 को निम्नलिखित में से कौन–से मूल अधिकार को प्रभावी करने वाले के रूप में देखा जा सकता है ?
   (a) विधि के समक्ष अधिकार
   (b) विभेद के विरूद अधिकार
   (c) अस्पृश्यता का अन्त
   (d) धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार

   नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए

   (a) 1,2 और 3 (b) 2 और 3
   (c) 2,3 और 4 (d) 1,2,3 और 4

10. वित्तिय क्षेत्रक विधायी सुधार आयोग की हाल में प्रस्तुत रिपोर्ट में, अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित प्रस्तावों में से कौन–सा/से शामिल है/हैं ?
    (a) सभी नियामकों का एक अधिकार–प्राप्त बोर्ड होगा, जिससे प्रत्येक सदस्य की भूमिका परिभाषित की गई है।
    (b) यह आयोग विनियमों के न्यायिक पुनर्विलोकन की महत्तवपूर्ण प्रक्रिया की परिकल्पना करता है।
    (c) संहिता का प्रारूप कार्यकारी शक्तियों का उल्लेख नहीं करता।

    नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए

    (a) 1 और 2 (b) केवल 2
    (c) 1 और 3 (d) 1,2 और 3

PRATISTHA

11. निम्नलिखित स्थितियों में से किनसें संसद के दोनों सदनों संयुक्त बैठक बुलाई जा सकती है ?
(a) संविधान संशोधन के लिए
(b) जब कोई विधेयक एक सदन द्वारा पारित किए जाने के बाद दूसरे में छः महीनें से अधिक से विचाराधीन पड़ा हो।
(c) जब दोंनो सदनों के बीच विधेयक में किए जाने वाले संशोधनों कों लेकर असहमति हो।
(d) जब किसी विधेयक को एक सदन ने पारित मगर दूसरे ने अस्वीकृत किया हो।
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1 और 4

12. जब कोई साधारण विधेयक भारतीय संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में भेजा जाता है, तब उसे
(a) दोनो सदनों के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की कुल संख्या के साधारण बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(b) दोनों सदस्यों के सदस्यों की कुल–संख्या के दो–तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(c) दोनों सदस्यों के सदस्यों की कुल–संख्या के साधारण बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए
(d) दोनों सदनो के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की कुल–संख्या के दो–तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए

13. भारतीय संविधान की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन–सी एक इस बात की सूचक है कि वास्तविक कार्यपालक शक्ति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में निहित है ?
(a) संघवाद (b) प्रतिनिधिक विधानमण्डल
(c) सर्वजनीन वयस्क मताधिकार (d) संसदीय लोकतंत्र

14. निम्नलिखित में से कौन–सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | |
|---|---|
| (a) संसद की शक्ति | नए राज्य का सृजन करना |
| (b) राज्य विधानमण्डल की शक्ति | राज्य का नाम बदलना |
| (c) विधि के समक्ष समता | भारतीय और गैर–भारतीय नागरिक दोनों |
| (d) अवसर की समता | भारतीय नागरिक |

15. भारत के नियन्त्रक एंव महालेखा परीक्षक के विषय में निम्नलिखित में कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) उसे पद से हटाने की प्रक्रिया और आधार वे ही है जो उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को पद से हटाने के है।
(b) वह उस प्रारूप को विहित करता है जिसमें संघ और राज्यों की लेखाएँ रखी जानी है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

16. भारत में सूचना का अधिकार
(a) मूल अधिकार है
(b) विधिक अधिकार है
(c) मूल अधिकार और विधिक अधिकार दोनों है
(d) न तो मूल अधिकार है न ही विधिक अधिकार है

17. किसी राज्य की विधानपरिषद् किसके द्वारा सृजित या उत्सादित की जा सकती है ?
(a) राज्य के राज्यपाल की संस्तुति पर राष्ट्रपति द्वारा
(b) केवल संसद द्वारा
(c) राज्य विधानमण्डल द्वारा इस आशय का संकल्प पारित करने के पश्चात् संसद द्वारा
(d) मंत्रिपरिषद् की संस्तुति पर राज्य के राज्यपाल द्वारा

निम्नलिखित प्रश्नांशें में दो कथन है, कथन I और कथन II इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए
(a) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य है और कथन II, कथन I, का सही स्पष्टीकरण है
(b) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य है और कथन II, कथन I, का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है
(d) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

18. **कथन** I भारत का संविधान एक उदारबादी संविधान है।
**कथन** II यह व्यक्तियों को मूल अधिकार प्रदान करता है।

19. लोकहित मुकदमा किससे सम्बद्ध किया जा सकता है ?
(a) न्यायिक पुनर्विलोकन (b) न्यायिक सक्रियतावाद
(c) न्यायिक हस्तक्षेप (d) न्यायिक पुनतता

20. निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सघंवाद के सिद्धान्त का अतिक्रमण नहीं करता/करते है/है ?
(a) भारत का राष्ट्रपति आपात के उपबन्धों के अधीन प्रान्तों का प्रशासन अपने हाथ में ले लेता है।
(b) भारत की संसद को समवर्ती सूची अथवा राज्य सूची में प्रगणित न किए गए किसी भी विषय पर कोई भी विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।
(c) संघ एंव प्रान्तों के मध्य शक्तियों का वितरण, भारतीय संविधान मे प्रगणित तीन विभिन्न सूचियों के माध्यम से किया जाता है।
**कूट**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1 और 3

21. भारत में प्रेस की स्वतन्त्रता
(a) संसद की विधि के अधीन लोगों को उपलब्ध है
(b) संविधान में विशिष्टतः उपबन्धित है
(c) अभिव्यक्ति–स्वातन्त्रय के अधिकार में अन्तर्निहित है
(d) अधिशासी आदेश के अधीन भारत के लोगों को उपलब्ध है

22. समाजवाद किसके विरूद्ध है ?
(a) सामाजिक सुरक्षा योजना (b) धन का समान विवरण
(c) निर्बन्ध प्रतियोगिता (d) सामूहिक स्वामित्व और प्रबन्धन

23. भारत के राष्ट्रपति के विरूद्ध महाभियोग की प्रक्रिया कौन आरम्भ कर सकता है ?
(a) केवल लोकसभा (b) केवल राज्यसभा
(c) संसद के दोनों में से कोई भी सदन
(d) कोई विधानसभा

PRATISHA

24. लोकसभा का अध्यक्ष किसको सम्बोधित कर त्यागपत्र लिखकर अपना पत्र त्याग सकता है ?

(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री

(c) लोकसभा का उपाध्यक्ष (d) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

25. भारत के संविधान में आपात उपबन्धों का समावेश करने का विचार निम्नलिखित में से किससे लिया गया है ?

(a) कनाडा का संविधान (b) जर्मनी का वीमार संविधान

(c) आयरलैण्ड का संविधान

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) का संविधान

26. यदि प्रश्न यह उठता है कि क्या कोई विधेयक धन–विधेयक है कि नहीं, तो निम्नलिखित में से किसका निर्णय अन्तिम होगा ?

(a) भारत का उच्चतम न्यायलय

(b) भारत का राष्ट्रपति

(c) लोकसभा का उपाध्यक्ष

(d) संयुक्त संसदीय समिति

27. निम्नलिखित में से किस आधार पर उच्चतम न्यायालय अथवा उच्चन्यायालय के न्यायाधीश पर महाभियोग चलाया जाता है ?

1. संविधान का उल्लंघन 2. सिद्ध कदाचार 3. अक्षमता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 ,2 और 3 (d) 2 और 3

28. भारत सरकार अधिनियम 1935 में समाविष्ट अनुदेश –प्रपत्रों ( इन्स्टूमेंट ऑफ इन्स्ट्रक्शन्स) को भारत के संविधान में वर्ष 1950 में निम्नलिखित में से किसमें सम्मिलित किया गया है ?

(a) मूल अधिकार

(b) राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्त

(c) मूल कर्तव्य

(d) आपात उपबन्ध

29. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन–सा एक अनुच्छेद ग्राम पंचायतों का विशेष उल्लेख करता है ?

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 21

(c) अनुच्छेद 40 (d) अनुच्छेद 246

30. भारत के योजना आयोग (निति आयोग) का पदेन अध्यक्ष कौन है ?

(a) भारत का उपराष्ट्रपति (b) भारत का प्रधानमन्त्री

(c) भारत का वित्तमन्त्री (d) भारत का विधिमन्त्री

## निम्न पर टिप्पणी लिखो

1. नागरिकता
2. संविधान संशोधन
3. मूल अधिकार
4. मूलकर्तव्य

PRATISTHA